तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पारसराज बनाम लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 96/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	अपीलार्थी पारसराज कुम्भट पुत्र सोहनराज कुम्भट निवासी पारस लौह खण्ड भण्डार, प्रथम ए रोड, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 25.01.2023 में जवाहर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. के द्वारा खसरा स. 721 से 744 (महावीर नगर जैन कॉलोनी, गुरूओं का तालाब, जोधपुर) के सब डिवीजन प्लान का नक्शा की सत्यापित प्रतिलिपि, (2) अन्य बिन्दू से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अपर कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अपर कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	